## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीताराम येचुरी दोबारा माकपा महासचिव निर्वाचित

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्ट (माकपा) ने रविवार को सीताराम येचुरी को फिर से अपने महासचिव के रूप में निर्वाचित किया। माकपा ने यहां अपनी पार्टी कांग्रेस में 95 सदस्यीय केंद्रीय समिति भी चुनी।

### कर्ज लेकर विदेश भागने वालों पर नकेल

कैबिनेट की बैठक में जो दूसरा अध्यादेश लाया गया था, वो बैंकों से कर्ज लेकर विदेश भागने वालों पर नकेल कसने के लिए था। राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद अब आर्थिक अपराध कर देश से भागे व्यक्तियों की संपत्ति उन पर मुकदमे का निर्णय आए बिना जब्त करने और उसे बेच कर कर्ज देने वालों का पैसा वापस किया जा सकेगा। 12 मार्च को पेश किया गया था विधेयक भगोड़े आर्थिक अपराधी विधेयक को 12 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था, लेकिन संसद में विभिन्न मुद्दों को लेकर गतिरोध के चलते इसे पारित नहीं किया जा सका। इसके तहत नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे उन लोगों की संपत्तियां जब्त करने का प्रावधान है, जो आपराधिक कार्रवाई से बचने के लिए देश से भाग गए हैं। पीएमएलए के तहत होगी कार्रवाई इस अध्यादेश के प्रावधान ऐसे आर्थिक अपराधियों पर लागू होंगे जो देश वापस आने से इनकार कर देते हैं, जिन लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुके हैं और जिन पर 100 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है और उन्हें जानबूझ कर कर्ज न चुकाने वाला घोषित किया जा चुका है। वतन लौटने से इनकार करने पर भगोड़ा होंगे इस तरह के आरोपियों के खिलाफ धन शोधन निरोधक कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत अभियोजन से बचने के लिए विदेश भाग जाने वाले या मामले का सामना करने के लिए वापस लौटने से इनकार करने वाले को भगोड़ा अपराधी माना जाएगा। दायरे में कई आर्थिक अपराध इस अध्यादेश में ऐसे भगोड़े अपराधी भी आएंगे, जिन पर जाली सरकारी स्टाम्प और मुद्रा छापने, धन की कमी से चेक वापस होने, मनी लॉड्रिंग और कर्जदाता के साथ धोखाधड़ी करने के सौदे में लिप्त होने के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी हैं।

## छत्तीसगढ़ के साथ गुजरात का सैकड़ों वर्षों से है अटूट संबंध : डॉ. रमन






मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने शनिवार शाम राजधानी के साईस कॉलेज परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में क्सदाकाल गुजरातक्व कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम गुजरात राज्य के अप्रवासी फाउंडेशन की ओर से आयोजित है। मुख्यमंत्री डॉ. सिंह और मुख्यमंत्री रूपाणी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्य की संस्कृतियों पर प्रकाशित कॉफी-टेबल बुक और सीडी का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य के साथ गुजरात का सैकड़ों वर्षो से गहरा नाता रहा है। यहां रायपुर में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से ओत-प्रोत क्सदाकाल गुजरातक्व कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। यह कार्यक्रम दोनों राज्यों के बीच सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के संचार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने बताया कि, छत्तीसगढ़ में विभिन्न जिलों और हिस्सों में गुजरात के लोग बड़ी संख्या में निवासरत हैं। वे छत्तीसगढ़ में रच-बसकर छत्तीसगढ के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उल्लेख किया और गुजरात की भूमि को पूरे देश और दुनिया में अच्छा नेतृत्व प्रदान करने वाला बताया। उन्होंने गुजरात के लोगों के समरसता की भावना और कर्मठता की भी सराहना की। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा कि, महात्मा गांधी ने पूरे भारत में चेतना जगाई और जिस तरह से सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के रजवाड़ों को भारत में शामिल कराया उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के जरिए भारत की अनेकता में एकता को एक सूत्र में पिरोने और नया भारत के निर्माण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, देश के राज्यों के लोगों को सांस्कृतिक रूप से जोडने और समरसता के लिए ही सदाकाल गुजरात का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रूपाणी ने कहा कि, देश के विभिन्न हिस्सों में बसे गुजरात के लोगों को जोडना और देश के विभिन्न हिस्सों में बसे लोगों से गुजरात के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि, गुजरात के लोगों ने हमेंशा देश हित को सर्वोपरि रखा है। राष्ट्रहित और लोकहित में हमेंशा बढ़चढ़ कर योगदान दिया है। समारोह में उन्होंने गुजरात सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री रूपाणी ने छत्तीसगढ़ की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की प्रसंशा करते हुए कहा कि, यह प्रणाली देश में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने नेतृत्व में प्रदेश में सभी वर्गों के विकास के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि, सदाकल गुजरात के जरिए दोनों ही राज्यों को एक दूसरे के अधिक निकट आने और सीखने-समझने का मौका मिलेगा। अवसर पर रूपाणी ने गुजरात के लोगों को चिकित्सा, साहित्य, खेल, सामाजिक कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सामाज के लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गुजरात के एनआरजी प्रभाग के राज्यमंत्री प्रदीप सिंह जाडेजा, गुजरात के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी अंजली रूपाणी, छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ एनआरजी के अध्यक्ष व विधायक देवजी भाई पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, रमेश मोदी सहित समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उड़ते विमान की जमीन से हजारों फीट ऊपर खिड़की टूटी,बाल-बाल बचे सैकड़ों यात्री




विमानों का इंजन खराब होने की घटनाओं के बीच अब उड़ान के दौरान एक ऐसी दुर्घटना हुई है जिससे एविएशन एजेंसियां भी हैरान हैं। अमृतसर से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान की जमीन से हजारों फीट ऊपर खिड़की ही टूट गई। इसके चलते विमान में तकरीबन 15 मिनट तक अफरातफरी मची रही। इस दौरान विमान में बैठे सभी लोगों की सांसें अटकी रहीं। खिड़की का पैनल सिर में लगने से तीन लोग घायल हो गए हैं। यह हादसा गुरुवार का है। एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान,ढ्ढ462 अमृतसर से दिल्ली आ रहा था। उड़ान के दौरान ही विमान की खिड़की का पैनल उखड़ गया। इससे विंडो सीट पर बैठे यात्री समेत कुल तीन लोग घायल हो गए। शीशा उखड़ जाने से विमान में अफरातफरी मच गई। एयर होस्टेस ने बमुश्किल शीशे को ठीक किया, लेकिन इस दौरान विमान में हड़कंप मचा रहा। विमान में कुछ ऑक्सीजन मास्क भी खुल गए। विमान में 15 मिनट तक चीख-पुकार मचती रही।बताया जा रहा कि खिड़की का बाहरी शीशा सही-सलामत रहा, जिसके चलते विमान के अंदर हवा का दबाव सामान्य ही रहा और कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। इस घटना से एयरलाइन अथॉरिटीज के साथ-साथ एविएशन एजेंसियां भी हैरान हैं। बहरहाल मामले की जांच शुरू कर दी गई है। एयर इंडिया और डीजीसीए इसकी जांच कर रहे हैं।

## 'मेक इन इंडिया' : 300 नाग एंटी-टैंक मिसाइलो से दहल जायेगा दुश्मन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को रक्षा क्षेत्र में बड़ी कामयाबी मिली है। इस कार्यक्रम के तहत 300 नाग एंटी-टैंक मिसाइलें बनाई गई हैं। ये जमीन से हमला करने वाली नाग एंटी-टैंक मिसाइल का वर्जन हैं, जिनको जल्द ही भारतीय सेना में शामिल किया जाएगा। इससे भारतीय सेना की दुश्मन के बख्तरबंद बल से मुकाबला करने की क्षमता में काफी इजाफा होगा।

भारतीय सेना को नाग एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों और लॉन्च व्हीकल का लंबे समय से इंतजार है। नाग एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम उन पांच मिसाइल सिस्टम में से एक है, जिनको भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन ने 1980 के दशक में विकसित करने की योजना बनाई थी। हालांकि कुछ कारणों से यह लटकता चला गया। मेल टुडे ने सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय बैठक में 300 नाग मिसाइलों और 25 नाग मिसाइल कैरियर्स व्हीकल को भारतीय सेना में शामिल करने के लिए अधिग्रहण करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। इनकी कुल कीमत करीब पांच सौ करोड़ रुपये बताई जा रही है। नाग मिसाइलों को से लॉन्च किया जाता है। व्हीकल से एक समय में छह मिसाइलों को ले जाया जा सकता है। ये नाग मिसाइलें सात से आठ किलोमीटर की दूरी पर दुश्मन के टैंक और इनफैंट्री कॉम्बैट व्हीकल को तबाह कर सकती हैं।सूत्रों के मुताबिक सेना को ऐसी करीब 3,000 मिसाइलों की जरूरत है।

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996


ADMISSION OPEN

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session



Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%



Topper Students Last Session



Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359